**टेबमा शिपयार्डस लिमिटेड**
**(कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी**
**भारत सरकार का उद्यम)**

सं.सीएसएल/ पीएण्डए/ भर्ती/ टेबमा अनु/सीएफओ/2022/1 11 अप्रैल 2022

# मुख्य वित्तीय अधिकारी का चयन

टेबमा शिपयार्डस लिमिटेड (टीएसएल), कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड का एक पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी, **टीएसएल में अनुबंध के आधार पर मुख्य वित्तीय अधिकारी** के पद को भरने हेतु अनुभवी भारतीय पेशेवरों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करते है। टीएसएल की ओर से, सीएसएल भर्ती संबंधी सभी गतिविधियों का समन्वय करेगा। फिर भी, टीएसएल में सभी पदों पर नियुक्ति टीएसएल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जाएगी और सीएसएल चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति/ तैनाती/ सेवा शर्तों के बारे में कोई जिम्मेदारी/दायित्व नहीं लेगा।

## I. पद का नाम, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं :

**तालिका 1**

| पद का नाम | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं |
|---|---|
| अनुबंध के आधार पर मुख्य वित्तीय अधिकारी | **शैक्षिक योग्यता:**<br><br>क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री।<br>ख) भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान या भारतीय लागत लेखाकार संस्थान की अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण।<br><br>**अनुभव :**<br><br>**आवश्यक :**<br><br>योग्यता प्राप्त करने के बाद 20 साल का अनुभव जिसमें से वरिष्ठ वित्तीय प्रबंधकीय पद में 10 साल से अधिक अनुभव। यदि उम्मीदवार आसामान्य है और अन्यथा योग्य पाया जाता है तो वरिष्ठ पद पर 10 वर्षों के अनुभव में छूट पर विचार किया जा सकता है।<br><br>**वांछनीय:**<br><br>एसएपी जैसे वित्तीय प्रबंधन सॉफ्टवेयर में प्रवीणता।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं:**<br><br>कंपनी के वित्तीय संचालन की निगरानी करना और नेतृत्व प्रदान करना और लेखांकन और वित्त कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे कुशलता से काम करते हैं और लागू कानूनों और नीतियों का पालन करते हैं । एक कार्यकारी प्रबंधन टीम के भाग के रूप में, सीएफओ कंपनी के विभिन्न सदस्यों वरिष्ठ और कनिष्ठ दोनों के साथ बातचीत करना होगा। निम्नलिखित संभावित उम्मीदवारों से अपेक्षित हैं :<br>• वित्त एवं लेखांकन टीम को नेतृत्व, दिशा और प्रबंधन प्रदान करना।<br>• सीईओ और कार्यकारी प्रबंधन टीम के सदस्यों को कार्यनीतिपरक सिफारिशें प्रदान |

| | |
|---|---|
| | करना।<br>• वित्तीय पूर्वानुमान और बजट केलिए प्रक्रियाओं का प्रबंधन और सभी वित्तीय रिपोर्टिंग का पर्यवेक्षण।<br>• दीर्घकालिक व्यापार और वित्तीय नियोजन पर सलाह देना।<br>• वरिष्ठ प्रबंधन और बाहरी भागीदारों और हितधारकों के साथ संबध स्थापित और विकसित करना।<br>• सभी औपचारिक वित्त और आईटी संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा करना।<br>• सभी वैधानिक और कर कानूनों केलिए निगमित अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>• आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली सुनिश्चित करना।<br>• मौखिक और लिखित दोनों तरह के पारस्परिक और संचार कौशल में एक सामंजस्य पूर्ण क्षमता होनी चाहिए। |

**II. <u>महत्वपूर्ण तिथियां:</u>**

**ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत : 13 अप्रैल 2022**
**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 30 अप्रैल 2022**

**III. <u>रिक्तियों और आरक्षण की संख्या :</u>**

**<u>तालिका 2</u>**

| **पद का नाम** | **अनारक्षित** |
|---|---|
| अनुबंध के आधार पर मुख्य वित्तीय अधिकारी | 1 |

**IV. <u>अनुबंध की अवधि और तैनाती का स्थान:</u>**

क) उपर्युक्त पद का स्वरूप अस्थायी होगा और परियोजना की आवश्यकताओं और निष्पादन के आधार पर **अधिकतम पांच वर्षों की अवधि** केलिए होगा।

ख) टीएसएल द्वारा वांछितानुसार टेबमा शिपयार्डस लिमिटेड, माल्पे, कर्नाटक/ अन्य परियोजना साइटों पर तैनाती की जाएगी।

**V. <u>पारिश्रमिक:</u>**

क) मासिक पारिश्रमिक चयनित उम्मीदवार के अनुभव के अनुरूप होगा।

**VI. <u>आयु:</u>**

**क)** पद केलिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा **दिनांक 30 अप्रैल 2022** तक 65 वर्ष की होगी, यानी आवेदकों का जन्म **दिनांक 01 मई 1957** को या उसके बाद होना चाहिए।

## VII. चयन की रीतिः

क) वैयक्तिक साक्षात्कार कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, कोच्ची में आयोजित किया जाएगा या कोविड-19 महामारी के मद्देनज़र इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से साक्षात्कार होगा।

## VIII. शर्तें:

### क) योग्यताः

i) पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता एआईसीटीई/ भारत में उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ परीक्षा से होनी चाहिए।

### ख) अनुभव

i) उपरोक्त मद I के अनुसार निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण करने की तिथि के बाद प्राप्त अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। योग्यता के बाद के अनुभव की अवधि की गणना दिनांक **30 अप्रैल 2022** से की जाएगी।

ii) उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में बताए गए अनुभव को स्थापित करने हेतु सभी मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उन्हें आगे के चयन केलिए विचार नहीं किया जाएगा।

### ग) आवेदन शुल्कः

i) **ऑनलाइन भुगतान विकल्पों (डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड /इंट्रानेट बैंकिंग) का उपयोग करके ₹ 500/- (गैर-वापसी योग्य, साथ ही बैंक शुल्क अतिरिक्त) आवेदन शुल्क भेजा जाना चाहिए, जिसे दिनांक 13 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2022 तक** हमारी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। **भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

### घ) आवेदन कैसे करें

i) आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले www.cochinshipyard.in **(कैरियर पृष्ठ) लिंक में प्रकाशित यूज़र मैनुवल और एफएक्यू को पढ़ना चाहिए।** आवेदन में दो चरण होते हैं- **एक बार पंजीकरण और लागू पद के सामने आवेदन जमा करना ।** आवेदकों को एक से अधिक आवेदन जमा नहीं करना चाहिए। एक बार जमा किया गया आवेदन अंतिम होगा।

ii) अधिसूचित आवश्यकताओं को पूरा करनेवाले आवेदक **एसएपी ऑनलाइन पोर्टल में एक बार पंजीकरण कर सकते हैं और अपना आवेदन जमा कर सकते हैं । दिनांक 13 अप्रैल 2022 से दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक** हमारी वेबसाइट www.cochinshipyard.in (कैरियर पृष्ठ)के माध्यम से उनके आवेदन जमा करने की सुविधा का उपयोग किया जा

सकता है । **<u>सीधे या किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।</u>**

iii) **आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्र और हाल ही में एक पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में अपलॉड किया गया है , ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें अस्वीकार किया जाएगा।**

iv) आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन में सभी प्रविष्टियां सही ढंग से भरी गई है और आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया है । किसी भी क्षेत्र में कचरा विवरण भरने से आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है ।

v) **विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि अपूर्ण आवेदन/ वापस किए आवेदन/ मसौदा स्थिति के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन के सफल जमा करने पर, आवेदन की स्थिति "प्रगति में" (इन प्रोसस) के रूप में दिखाई जाएगी।** आवेदन की प्रस्तुति के बाद, उम्मीदवार "**माई एप्लिकेशन्स**" लॉग इन करें और प्रक्रिया की पूर्ति सुनिश्चित करने केलिए यह सुनिश्चित करें कि आवेदन की स्थिति "**प्रगति में**" (इन प्रोसस) है। <u>आवेदन की सफल पूर्ति या आवेदन वापस लेने के बाद शुल्क के किसी भी वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>

vi) **ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करने के बाद, आवेदकों को उनके संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा उत्पन्न एकमात्र पंजीकरण संख्यावाले ऑनलाइन आवेदन की एक सॉफ्ट कॉपी/ मुद्रित प्रति को अपने पास रखना चाहिए । यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि, एकमात्र पंजीकरण संख्या केवल ऑनलाइन आवेदन के सफलतापूर्वक प्रस्तुति पर ही प्राप्त की जाएगी ।** ऑनलाइन आवेदन पर पंजीकरण संख्या सीएसएल के साथ किसी भी पत्राचार केलिए उद्धृत की जानी चाहिए ।

vii) ***<u>आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है ।</u>***

viii) एसएपी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से आवेदन करने केलिए वेबसाइट **दिनांक 13 अप्रैल 2022 से दिनांक 30 अप्रैल 2022 तक** कार्यशील रहेगी । ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **दिनांक 30 अप्रैल 2022** है । अंतिम तिथि पर वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक से बचने केलिए, जिसके परिणामस्वरूप आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सीएसएल वेबसाइट पर लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रस्तुत करें । ***आवेदन की अंतिम तिथि को आवेदन करनेवालों को अंतिम तिथि के 1600 बजे के बाद ई-मेल/फोन द्वारा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता/तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है ।***

## ङ) <u>सामान्य</u>

i) **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं।**

ii) टीएसएल की ओर से सीएसएल को उम्मीदवारों से शैक्षिक योग्यता/ अनुभव/ अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाएं के समर्थन में किसी अतिरिक्त दस्तावेज़ी विवरण मांगने का अधिकार है**,** जैसा कि उनके आवेदन में दर्शाया गया है**,** और ऐसे प्रश्नों की सूचना/ उत्तर केवल ई-मेल **career@cochinshipyard.in** के ज़रिए ही होना चाहिए। हालांकि, सीएसएल, निर्धारित तिथि और समय के भीतर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/ गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त ऐसे प्रश्नों के उत्तर पर विचार नहीं किया जाएगा, और इस सिलसिले में कोई पत्राचार प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा।

iii) **वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए चुने गए आवेदकों की उम्मीदवारी पूर्ण रूप से अस्थायी है, जो कार्यभार ग्रहण करते समय, आयु, योग्यता, अनुभव, जाति , दिव्यांगजता आदि के प्रमाण में मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन है। यदि उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं या मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल पाए जाते हैं, तो उम्मीदवार को चयन केलिए विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी सूचना के उम्मीदवारी रद्द/ अस्वीकार कर दी जाएगी।**

iv) **लघुसूचीगत किए गए उम्मीदवारों को डाक द्वारा बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा।** उन्हें बुलावा पत्र डाउनलोड करने केलिए ई-मेल/ सीएसएल वेबसाइट www.cochinshipyard.in के माध्यम से सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची की सूचना लघुसूचीगत किए गए आवेदकों को ईमेल /सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से दी जाएगी।

v) केवल ऑनलाइन के ज़रिए आवेदन जमा करने और चयन हेतु बुलावा पत्र जारी करने से आवेदक को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं मिल जाता या पात्रता मानदंड को पूरा करने की पावती के रूप में नहीं माना जा सकता है।

vi) रिक्तियां पूर्ण रूप से एक निश्चित अवधि केलिए अनुबंध के आधार पर हैं और टीएसएल चयनित उम्मीदवारों की अनुबंध अवधि के दौरान या उसके बाद नियुक्ति की पेशकश करने केलिए उत्तरदायी नहीं होगा।

vii) नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को टीएसएल की ओर से सीएसएल द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा जांच किया जाना है। ऐसी चिकित्सा जांच की रिपोर्ट की जांच सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाएगी और उम्मीदवार की नियुक्ति टीएसएल की ओर से सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा स्वस्थता के प्रमाणीकरण के अधीन होगी।

viii) टीएसएल की ओर से सीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले से कार्यरत किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार से संबंधित वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन योगदान आदि केलिए कोई दायित्व वहन नहीं करेगा।

ix) टीएसएल की ओर से सीएसएल अधिसूचित रिक्ति को भरने का अधिकार नहीं रखता है। इसके अलावा अधिसूचित रिक्तियों को भरने हेतु रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन किया जाएगा। टीएसएल की ओर से सीएसएल को यदि अपेक्षित हो, तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने/ बदलने/रद्द करने/ परिवर्तित करने का अधिकार है।

x) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो,बिना सूचना के उम्मीदवारी/ नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी।

xi) इस चयन से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को परिणाम के प्रकाशन की तारीख से दो साल की अवधि केलिए संरक्षित किया जाएगा।

xii) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबंध में किसी वैध कार्रवाई और/ अथवा इस संबंध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

xiii) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्तन केवल सीएसएल वेबसाइट में ही दी जाएगी।

xiv) अन्य कोई पूछताछ केलिए, कृपया ईमेल **career@cochinshipyard.in** के ज़रिए संपर्क करें।

**IX. महत्वपूर्ण तिथियां :**

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत** | : | **13 अप्रैल 2022** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | : | **30 अप्रैल 2022** |

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**

**"केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते है।"**

ह/-

महाप्रबंधक (मा.सं.),

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल)

कृते टेबमा शिपयार्डस लिमिटेड (टीएसएल)